एसडीएम ने पुलिस के साथ मिलकर स्पा सेंटर में की तालाबंदी

अनैतिक गतिविधियों के चलते पूर्व में पुलिस ने की थी स्पा सेंटर के खिलाफ कार्रवाई

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,27 जुलाई. 2025 में पुलिस छापे में उजागर हुई थीं अनैतिक गतिविधियां, कार्रवाई और समझाइश के बावजूद संचालकय के नही सुधरने पर एसडीएम ने पुलिस के साथ उक्त स्पा सेंटर में पहुंचकर तालाबंदी की कार्रवाई की है.

शहर में स्पा सेंटर की आड़ में संचालित हो रही अनैतिक गतिविधियों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। देहात थाना क्षेत्र स्थित ओसिन थाई स्पा को स्थायी रूप से बंद करा दिया गया है। वर्ष 2025 में पुलिस की छापामार कार्रवाई में यहां देह व्यापार और अन्य अनैतिक गतिविधियों का खुलासा हुआ था। मामले में अपराध दर्ज होने के बाद पुलिस ने प्रतिवेदन तैयार कर एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां सुनवाई के बाद स्पा को हमेशा के लिए बंद करने के आदेश जारी किए गए। प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त संदेश माना जा रहा है।

एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया था प्रतिवेदन

मामले की जांच पूरी होने के बाद देहात थाना पुलिस ने स्पा के खिलाफ विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) छिंदवाड़ा न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान पुलिस ने स्पा में संचालित अवैध गतिविधियों से जुड़े साक्ष्य और कार्रवाई का ब्यौरा रखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन एसडीएम सुधीर जैन ने स्पा सेंटर को स्थायी रूप से बंद करने के आदेश जारी कर दिए।

खुलासे के बाद हुई थी कार्रवाई

देहात थाना क्षेत्र में संचालित ओसिन थाई स्पा लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था। वर्ष 2025 में पुलिस ने स्पा पर छापा मारकर कार्रवाई की थी। इस दौरान वहां देह व्यापार सहित अन्य अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों को पकड़ा गया था। पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई।

नोटिस देने के बाद संचालन पर लगाई गई रोक

एसडीएम के आदेश के बाद स्पा संचालक को विधिवत नोटिस देकर निर्णय की जानकारी दी गई। इसके बाद प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में स्पा सेंटर का संचालन पूरी तरह बंद करा दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई और समझाइश के बावजूद संचालक गतिविधियों में सुधार नहीं कर रहा था, जिसके चलते स्थायी बंदी का निर्णय लिया गया।

अनैतिक गतिविधियों पर रहेगी सख्ती

देहात थाना प्रभारी गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनैतिक या अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी संस्थान को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में तत्कालीन एसडीएम सुधीर जैन द्वारा गंभीरता से सुनवाई करते हुए स्थायी बंदी के आदेश जारी किए गए, जिससे कार्रवाई को अंतिम रूप दिया जा सका। पुलिस का कहना है कि जिले में आगे भी अवैध और अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा, ताकि समाज में कानून व्यवस्था और सामाजिक मर्यादा बनी रहे।

सभी कोचिंग संस्थाओं को पंजीयन कराना अनिवार्य

विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए निगरानी समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,27 जुलाई. जिले के शैक्षणिक संस्थानों, हॉस्टल एवं कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय निगरानी समिति हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने समिति के सदस्यों से विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विषयों के समाधान के लिए विस्तृत चर्चा की एवं सुझाव उपरांत सर्वसम्मति से महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए। जिसके अनुरूप आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी तीन माह के लिए कार्ययोजना तैयार कर जिले के शैक्षणिक संस्थानों, हॉस्टल एवं कोचिंग संस्थानों में मोटिवेशनल सेशन एवं विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर सत्र आयोजित किये जाएंगे। इसका दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा को सौंपा गया। ऐसे कोचिंग संस्थान जिनका अभी तक पंजीयन नहीं हुआ है, शीघ्र ही उनका पंजीयन कराया जायेगा। यह दायित्व भी जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा को सौंपा गया है। समस्त अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने अनुभाग के अंतर्गत समय-समय पर शैक्षणिक संस्थानों, हॉस्टल एवं कोचिंग संस्थानों का भ्रमण कर विद्यार्थियों से मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, जिला शिक्षा अधिकारी जे.के. इड़पाचे सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में यह भी लिए गए निर्णय

सभी संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य पॉलिसी, काउंसलर, शिक्षक पालक योजना, शिकायत पेटी, शिकायत निवारण समिति, मानसिक स्वास्थ्य हेल्प लाईन नंबर नियमित काउंसलिंग सेशन सहित मेंटल हेल्थ सेफगार्ड के लिए जारी गाईड लाईन का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। सभी शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत, कोचिंग संस्थान से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित काउंसलिंग, नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थियों की काउंसलिंग की व्यवस्था मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. शरद मनोरे द्वारा की जाएगी। साथ ही सीएमएचओ छिंदवाड़ा द्वारा दल गठित कर शैक्षणिक संस्थाओं, हॉस्टल एवं कोचिंग संस्थान में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला स्तरीय निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा भी समय-समय पर शिक्षण संस्थानों, हॉस्टल तथा कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया जाएगा ।

जिले में अभी तक 417.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,27 जुलाई. जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 417.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 558 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

जिले में 27 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील अमरवाड़ा में 5.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 272, मोहखेड़ में 341.1, तामिया में 374, अमरवाड़ा में 439.4, चौरई में 530.2, हर्रई में 387.5, बिछुआ 371.1, परासिया में 298.1, जुन्नारदेव में 390.4, चांद में 557.9 और उमरेठ में 475.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

प्रयोगशाला के माध्यम से की गई खाद्य नमूनों की जांच

खाद्य विभाग ने किया शहर के विभिन्न डेयरी एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,27 जुलाई. खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा सोमवार को छिंदवाड़ा शहर में विभिन्न डेयरियों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गुरैया स्थित दिनशा मिल्क चेलिंग सेंटर का निरीक्षण कर दूध के दो नमूने संग्रहित किए गए।

वहीं सांची डेयरी खजरी से दूध, दही एवं घी के नमूने तथा सेंट्रल मार्ट से घी के दो नमूने जांच करने हेतू लिए गए। खाद्य विभाग के जांच दल ने कामधेनु डेयरी, वर्षा डेयरी एवं सत्यम शिवम में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य नमूनों की जांच भी की। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा स्पाइस 28 रेस्टोरेंट के किचन का भी निरीक्षण किया गया तथा वहां भी साफ-सफाई बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सर्पदंश से बुजुर्ग महिला ने तोड़ा दम

छिंदवाड़ा। मोहखेड़ के देवगढ़ में एक बुजुर्ग महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि महिला को सोते समय सांप ने डसा था। जानकारी अनुसार फूलवती पति भूरा प्रजापति उम्र 65 साल देवगढ़ की रहने वाली है। वह रात में खाने खाने के बाद जमीन पर बिस्तर लगाकर सो गई थी। देर रात करीब सांप ने उसे डस लिया। हादसे के बाद महिला की चीख पुकार सुनकर अन्य परिजन उठ गए। उसने अपने साथ होने वाली घटना से अवगत कराया। परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

परिवहन विभाग ने की बैतूल मार्ग पर चालानी कार्रवाई

11 वाहनों में अनियमित्ताएं पाए जाने पर वसूला 57 हजार रुपए का जुर्माना

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,27 जुलाई. सोमवार को परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा छिंदवाड़ा-बैतूल मार्ग पर संचालित वाहनों की सघन जांच की गई । अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि जांच के दौरान छोटे-बड़े लगभग 25 वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान वाहनों के समस्त दस्तावेज, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की गहन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान मोटरयान अधिनियम के तहत दस्तावेजों एवं अन्य कमियां पाए जाने पर 11 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई, जिससे 57,000 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इस दौरान परिवहन विभाग द्वारा सभी वाहन संचालकों एवं चालकों को समझाइश दी गई कि वे मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के अनुरूप ही वाहनों का संचालन करें। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चार वर्षों से बिना ब्रेकडाउन जारी है बिजली पारेषण

तेज आंधी तूफान के बाद भी 9 ट्रांसमिशन लाइन हो रही है संचालित

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,27 जुलाई. जिले में स्थित 09 महत्वपूर्ण एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) ट्रांसमिशन लाइनों ने विगत चार वर्षों से बिना किसी ब्रेकडाउन के निर्बाध विद्युत पारेषण कर उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया है।

आंधी-तूफान, तेज बारिश, आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक चुनौतियों और अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों के बावजूद इन लाइनों का सतत एवं विश्वसनीय संचालन जारी है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि छिंदवाड़ा की इन 09 लाइनों सहित प्रदेशभर में एमपी ट्रांसको की कुल 593 ईएचवी ट्रांसमिशन लाइनें भी बीते चार वर्षों से बिना किसी ब्रेकडाउन के सफलतापूर्वक संचालित होकर प्रदेश की विद्युत पारेषण व्यवस्था की मजबूती और विश्वसनीयता को प्रमाणित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कंपनी के अभियंताओं, तकनीकी कर्मचारियों तथा अनुरक्षण कार्य में जुटे आउटसोर्स कर्मियों की प्रतिबद्धता, दक्षता और समर्पण का परिणाम है।

9 लाइनें बनीं सफलता की मिसाल

छिंदवाड़ा क्षेत्र की जिन ट्रांसमिशन लाइनों ने यह उपलब्धि हासिल की है, वे इस प्रकार हैं 220 केवी छिंदवाड़ा - बैतूल, 220 केवी छिंदवाड़ा - पांढुर्णा, 220 केवी छिंदवाड़ा - सिवनी पावर ग्रिड के अलावा सन 1976 में ऊर्जीकृत लाइन 132 केवी छिंदवाड़ा - इंटरकनेक्टर (पूर्व में छिंदवाड़ा 132 केवी सिवनी लाइन) के तीन सर्किट, सन् 1980 में निर्मित 132 केवी छिंदवाड़ा- खापास्वामी, 132 केवी छिंदवाड़ा - बिछुआ तथा 132 केवी छिंदवाड़ा लिंगा - रेलवे ट्रैक्शन लाइन शामिल हैं।

निगरानी से बढ़ी नेटवर्क की विश्वसनीयता

ट्रांसमिशन नेटवर्क को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए थर्मो-विजन निरीक्षण, ड्रोन सर्विलांस, एससीएडीए आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग, ऑनलाइन कंडीशन मॉनिटरिंग तथा समयबद्ध निवारक अनुरक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। नियमित लाइन पेट्रोलिंग, प्री-मानसून मेंटेनेंस, लाइन कॉरिडोर प्रबंधन, पेड़ों की कटाई-छंटाई तथा उपकरणों की सतत निगरानी के माध्यम से संभावित तकनीकी खामियों की समय रहते पहचान कर उनका निराकरण किया गया, जिससे ब्रेकडाउन की आशंकाओं को प्रभावी ढंग से रोका जा सका।

सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

छिंदवाड़ा। चौरई के चंदनवाड़ा में सोमवार को एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। जानकारी अनुसार मोहन पिता सुमरन कवरेती उम्र 50 साल चंदनवाड़ज्ञ का रहने वाला है। वह हम्माली का काम करता है। काम से लौटते वक्त उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसेमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान घायल ने सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज का रहा उत्कृष्ट परिणाम

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,27 जुलाई. . गत् दिवस राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय के स्नातक कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित हुये जिसमें इंदिरा प्रियदर्शिनी महाविद्यालय में बी.बी.ए. तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में प्रणाली वरकड़े 87 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

85 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान पर अनामिका माहोरे रही एवं आर्शी पाण्डें ने 84 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त समस्त विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिये महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जैमिनी खानवे, विभाग प्रमुख प्रो. अमित गजभिये, मोहित बरमैया, स्मृति चौहान, एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाए प्रेषित की।

100 से अधिक न्यायालय कर्मचारियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

छिन्दवाड़ा. म.प्र. उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के आदेशानुसार जिला एवं तहसील न्यायालयों में स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से न्यायालय कर्मचारियों के कल्याण के लिए जारी एडवाईजरी फ्रेमवर्क के तहत म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा प्रदेशभर में उल्लास-एक अभिनव पहल कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गौशालाओं में अव्यवस्थाओं पर लिखा अहम पत्र

प्रदेश की सभी गौशालाओं में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का किया आग्रह

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,27 जुलाई. मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गौशालाओं में फैली अव्यवस्थाओं और देखभाल के अभाव में दम तोड़ती गौमाता की सुरक्षा के लिए एक अति महत्वपूर्ण पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखा है।

जिसमें उन्होंने जिला मुख्यालय से लगे चन्दनगांव की आदर्श गौशाला में हुई गौमाता की मौत के आंकड़ों का भी गम्भीरतापूर्वक उल्लेख करते हुए प्रदेश की सम्पूर्ण गौशाला में गायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। कमलनाथ ने अपने अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक 181 में उल्लेख किया कि छिन्दवाड़ा स्थित आदर्श गौशाला में अल्प अवधि के दौरान बड़ी संख्या में गौवंश की मृत्यु अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित जानकारी के अनुसार जुलाई माह के प्रारंभिक 19 दिनों में लगभग 43 गौवंश की मृत्यु हुई एवं एक माह के भीतर मृत गौवंश की संख्या 90 से अधिक पहुंच गई।

इस दौरान गौशाला में पशु चिकित्सक तथा कर्मचारियों की भी नियमित उपस्थिति नहीं रही। यह अत्यंत गम्भीर विषय है, जो सम्पूर्ण मप्र में गौ-संरक्षण की व्यवस्थाओं पर गम्भीर प्रश्नचिन्ह लगाता है। गौवंश भारतीय संस्कृति, आस्था एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। गौशालाओं की स्थापना गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से की जाती है, किन्तु यदि उन्हीं गौशालाओं में पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल एवं समुचित उपचार के अभाव में गौवंश की मृत्यु हो रही है तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, चिंतनीय व निंदनीय स्थिति है। कमलनाथ ने अपने पत्र के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया कि इस अत्यंत संवेदनशील विषय पर गम्भीरतापूर्वक विचार करते हुए आवश्यक एवं प्रभावी निर्णय लेकर गौवंश के संरक्षण के संबंध में उचित कार्रवाई हेतु आदेश प्रदान करें।

बैठक मलेरिया नियंत्रण, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

ढाबों और होटल-रेस्टोरेंट की हो नियमित जांच : श्री नारायन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा,27 जुलाई. कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं विभिन्न आयोगों से प्राप्त लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की।

बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता की समीक्षा के दौरान कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि होटल, ढाबों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा स्वच्छता और हाइजीन के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। वही जिले में बढ़ते मलेरिया के मामलों को देखते हुए कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक सैंपलिंग कराई जाए, हॉटस्पॉट क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जाए तथा मलेरिया नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का निराकरण एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आंगनबाड़ी की फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सर्वसुविधायुक्त भवनों में स्थानांतरित करने की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन 412 आंगनबाड़ी केंद्रों को नए भवनों में स्थानांतरित किया जा चुका है, उनकी फोटो सहित जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।

अनुरूप प्रगति नही होने पर कलेक्टर हुए नाराज

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की समीक्षा के दौरान उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग को बैंकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने तथा निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

B.Tech ADMISSION OPEN 2026-27
अभी कॉल करें 6262110029 9111355846
रविवार को भी कॉलेज खुला है
ऐनी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च सेंटर, छिंदवाड़ा
CSE CE ME ECE AU
600+ प्लेसमेंट
SC/ST Free Education with Government Scholarships*
OBC एवं EWS छात्रों हेतु विशेष फीस सहायता
12वीं (PCM) के अंकों के आधार पर प्रवेश
600+ प्लेसमेंट
अनुभवी फैकल्टी
आधुनिक लैब एवं प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
सीमित सीटें
सफलता की नई मिसाल!
शैक्षणिक सत्र 2025-26 का 100% परीक्षा परिणाम!
सभी छात्रों के लिए FREE AI TRAINING + CERTIFICATE
AI | Data Science | Industry Skills
हवाई पट्टी के पास, बैतूल रोड, छिंदवाड़ा | www.aitrc.net

IPS COLLEGE
B.Sc. Ltg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Ltg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours
B.C.A. M.Sc. CS
B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140 www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निः शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
डॉ. आशुतोष सिन्हा
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कोपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
पता:- भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589